## न्यूज डायरी



### पश्तून नेता मंजूर पश्तीन को नहीं मिला जमानत, दूसरी जेल में शिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। पाकिस्तान की एक अदालत ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करने वाले पश्तून नेता की ट्रांजिट बेल अपील अर्जी खारिज कर दी और उन्हें दूसरी जेल में भेजने का आदेश दिया। सेना पर शोषण के आरोप लगाने वाले नेता को एक दिन पहले कथित राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, दक्षिण पंथी गठबंधन पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के प्रमुख मंजूर पश्तीन ने 18 जनवरी को खैबर पख्तूनखवा के डेरा इस्माइल खान शहर में एक सभा में शिरकत की थी जहां उसने कथित तौर पर कहा कि 1973 के संविधान में मैलिक मानवीय अधिकारों की अवहेलना की गई है। पेशावर से नौ अन्य पीटीएम कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तार किए गए 27 वर्षीय पश्तीन को पहले एक मजिस्ट्रेट ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर पेशावर की केंद्रीय जेल भेज दिया था।

### पाक आतंकी समूहों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करे, जो सबको नजर आए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वार्ता के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से विवाद सुलझाने के बजाए भारत के खिलाफ ''आतंकवाद को राज्य नीति'' के तौर पर इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी समूहों के खिलाफ ऐसा कदम जरूर उठाना चाहिए, जो सबको नजर आए। सिंह ने 12 वें दक्षिण एशिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि आतंकवादी और उनका वैचारिक और वित्तीय नेटवर्क टूटे और उन्हें सरकार का समर्थन ना मिले। उन्होंने कहा, ''क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भारत एक देश को छोड़कर अपने पड़ोसियों के साथ संवाद करता रहता है।''क्षेत्रीय सुरक्षा कायम करने के लिए एक–दूसरे की संवेदनाओं को समझना और हस्तक्षेप नहीं करने के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में दक्षेस के नेताओं को आमंत्रित किया था और 2019 के शपथ ग्रहण में बिम्सटेक नेताओं को बुलाया गया, यह पड़ोस को तवज्जो दिए जाने का संकेत है ।

### कोरॉना का डरावना साया, अमेरिका ने दिया चीन को मदद का ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि करॉना वायरस खिलाफ लड़ाई में हम अमेरिका चीन की हरसंभव मदद करेगा। ट्रंप ने कहा कि वायरस को लेकर हम चीन के साथ संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका में बहुत थोड़े मामले सामने आए हैं लेकिन कड़ी निगरानी बरती जा रही है। हमनें चीन और राष्ट्रपति शी को हरसंभव मदद की पेशकश की है। हमारे विशेषज्ञ बहुत शानदार हैं। उधर, चीन के अधिकारियों ने सोमवार को राजधानी पेइचिंग में पहली मौत की पुष्टि की है। अब तक पूरे देश में करॉना के चपेट में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और दुनिया भर में इससे डर का माहौल है। शहर के स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि मृतक 50 साल का शख्स है। वह 8 जनवरी को वुहान गया था और वहां से लौटने के बाद उसे बुखार हो गया था। इस वायरस का केंद्र वुहान में ही है।

### पाकिस्तान में आपराधिक गिरोह का सरगना मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में हत्या के कई मामलों में वांछित गिरोह के सरगना को उसके दो साथियों और एक महिला समेत मंगलवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि घोषित अपराधी इनाम मारवत को उसके दो साथियों मुर्सलीन और बल्कियास के साथ मार गिराया गया। मुठभेड़ में बल्कियास की बहन की भी मौत हो गई। मारवत उस गिरोह का सरगना था जिसने बदला लेने की वारदातों में कई लोगों की हत्या की थी।

# 50 लाख वुहान निवासी दूसरे शहरों में, संक्रमण का खतरा बढ़ा

## चीन ने नए साल का राष्ट्रीय अवकाश तीन दिन बढ़ाया

**कहर**

अलीबाबा जैसी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का दिया निर्देश



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। करॉना वायरस के आतंक से जूझ रहे वुहान से आ रही खबरें और परेशान करनेवाली हैं। करॉना वायरस के केंद्र वुहान से 50 लाख लोग दूसरे शहरों में गए हैं। चीन में नया साल का उत्सव इन दिनों चल रहा है और सालाना वसंत उत्सव के कारण बहुत से लोग दूसरे शहरों की यात्रा पर जाते हैं। इस कारण से वायरस के फैलने का खतरा काफी अधिक है। अभी तक इस वायरस के कारण मरनेवालों की संख्या 100 से अधिक पहुंच चुकी है और 3000 से अधिक लोग इससे संक्रमित हैं।

**यात्रा कर रहे वुहान वासियों से संक्रमण का खतराः** चीन के स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को दी जानकारी में कहा कि बहुत से लोगों में वायरस का संक्रमण है, लेकिन उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं है। वुहान से सालाना छुट्टियों के लिए बड़ी संख्या में लोग शहर से बाहर गए हैं। ऐसे में वायरस का संक्रमण उनके जरिए दूसरे शहरों और देशों तक पहुंच सकता है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आइसोलेट कर पाना बहुत बड़ा चैलेंज है। वायरस संक्रमित लोगों की असल संख्या तभी पता चलेगी जब ये लोग वापस लौटेंगे।

**वुहान और हुबेई में वायरस का संक्रमण अधिकः** चीन की राज्य प्रायोजित मीडिया ग्लोबल टाइम्स का कहना है, वुहान और हुबेई से आए लोगों को हम सिर्फ वायरस संक्रमण फैलानेवालों के तौर पर नहीं देख सकते हैं। यह देखना होगा कि ये लोग कहां से आ रहे हैं और क्या इन्होंने संक्रमण फैलने की अवधि को पार कर लिया है।़ हुबेई में अब तक संक्रमण के 1500 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। चीन के पांच और प्रांतों में भी 100 से अधिक ऐसे केस दर्ज किया गया है।

**करहना से निपटने के लिए चीन ने बढ़ाई छुट्टियांः** अधिकारियों ने बताया कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि चीन के बहुत बड़े हिस्से में करॉना वायरस फैल चुका है। चीनी प्रशासन ने वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए सरकारी छुट्टियां तीन दिन बढ़ा दी हैं। लोगों को घर पर ही रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की कोशिश है कि तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को रोकने और अस्पतालों में अतिरिक्त इंतजाम इन तीन दिनों में कर लिया जाए। चीन की बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों जैसे अलीबाबा ग्रुप, होल्डिंग ऐंड टेन्सेंट होल्डिंग्स लिमिटेड ने बताया कि उन्होंने स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश दिया है।

## कनाडा में करॉना वायरस का दूसरा संभावित मामला सामने आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मांट्रियल। चीनी करॉना वायरस से संक्रमित होने के संदेह में टोरंटो के अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की पत्नी भी इस वायरस की चपेट में आ गई। महिला के संक्रमित होने के कारण इस संक्रामक बीमारी का कनाडा में दूसरा संभावित मामला बन गया है। ओंटारियो प्रांत ने शनिवार को घोषणा की थी कि कनाडा का पहला संदिग्ध मामला करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति का है जो वुहान से आया था।

**पति-पत्नी दोनों को करॉना वायरसः** इस करॉना वायरस का केंद्र चीन का वुहान शहर ही है। संदिग्ध मरीज 22 जनवरी को टोरंटो पहुंचा था। प्रांत के चिकित्सा अधिकारी डेविड विलियम्स ने एक बयान में कहा कि पहले संदिग्ध की पत्नी भी चीन दौरे में उसके साथ थी और माना जा रहा वह भी इस वायरस की चपेट में आ गई हैं। महिला मरीज को भी अलग वार्ड में रखा गया है। विलियम्स ने एक बयान में कहा कि वायरस की आशंका के मद्देनजर पति के साथ टोरंटो पहुंचने के बाद, यह महिला खुद ही अलग रह रही थीं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि चीन में घातक वायरस से वैश्विक खतरा उच्च स्तर का है। उसने पिछली रिपोर्ट में की त्रुटि को स्वीकार किया जिसमें कहा गया था कि खतरा मध्यम स्तर का है।



## श्रीलंका ने चीन के लिए वीजा ऑन अराइवल बंद किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। देश में करॉना से जुड़ा पहला मामला आने के बाद श्रीलंका ने चीनी यात्रियों के लिए आगमन पर वीजा देने की अपनी नीति पर मंगलवार को फिलहाल के लिए रोक लगा दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुख्य महामारी विशेषज्ञ सुदत सुरावीरा ने सोमवार को बताया कि 40 साल की एक चीनी महिला वायरस से संक्रमित पाई गई। उन्होंने बताया, श्हवाई अड्डे से बाहर निकलते समय महिला की वायरस संक्रमण की जांच की गई थी। उन्हें संक्रामक रोगों के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सिंध प्रांत में शादी के दिन हिंदू युवती का अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन करा निकाह

■मंडप से युवती भारती बाई को अगवा कर धर्म परिवर्तन करा मुस्लिम युवक से निकाह किया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध में हिंदू दुल्हन को अगवा किए जाने के मामले में अब एक नई कहानी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लड़की को शादी के मंडप से अगवा किया गया था और फिर जबरन इस्लाम कबूल करवाकर उसकी शादी करवा दी गई। इमरान खान जहां नया पाकिस्तान बनाने का दावा कर रहे हैं, उनके कार्यकाल में हिंदू युवतियों का अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया है। बता दें कि पहले इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा था।

**2 हफ्ते में तीसरी हिंदू लड़की को बनाया निशाना**

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मटियारी जिले के हाला शहर में भारती बाई नामक हिंदू युवती की शादी की रस्में चल रही थी। उसी दौरान कुछ लोग उसे घर से अगवा कर ले गए। ऑल पाकिस्तान हिंदू पंचायत के महासचिव रवि धवानी ने बताया कि दो हफ्ते से भी कम समय में हिंदू युवतियों को निशाना बनाए जाने का यह तीसरा मामला है। इसी महीने 15 तारीख को 15 साल की नाबालिग को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया था।

**धर्म परिवर्तन कर जबरन किया निकाहः** धवानी ने कहा कि सिंध के हाला शहर में भारती बाई को अगवा कर कराची के बनोरिया ले जाया गया। जहां उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया। इसके बाद शाहरुख मेनन नाम के मुस्लिम युवक से उसकी शादी करवा दी गई। उन्होंने बताया कि युवती के परिजन पंचायत की मदद से पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस युवती को कराची से वापस सिंध लाई और उसे कोर्ट में पेश किया गया। युवती को अगवा करनेवालों पर क्या ऐक्शन लिया गया है, पुलिस ने इस पर कोई जानकारी नहीं दी है।

## अमेरिका में यूनिवर्सिटी कैंपस की झील से बरामद हुआ भारतीय मूल की छात्रा का शव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी प्रांत इंडियाना में स्थित एक शीर्ष विश्वविद्यालय के परिसर से 21 वर्षीय भारतीय मूल की एक छात्रा का शव बरामद किया गया है। सीबीएस मीनेसोटा की खबर के मुताबिक एनरोज जेरी नोट्रेडेम विश्वविद्यालय की छात्रा थी। वह एक पारंगत संगीतकार भी थी। जेरी 21 जनवरी से लापता थी। जेरी के रिश्तेदार केरल में रहते हैं।

अधिकारियों ने उसके खतरे में होने को मानते हुए गुरुवार को एक चेतावनी जारी की थी। विश्वविद्यालय के मीडिया संबंध कार्यालय, नोट्रे डेम न्यूज ने एक बयान में कहा, 'जेरी मंगलवार शाम से लापता थी और नोट्रेडेम पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए कई सुरागों पर काम किया था।' जन सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में स्थित झील में शुक्रवार को उसका शव पाया।

जेरी इस साल स्नातक का पाठ्यक्रम पूरा करने वाली थी और वह दंत चिकित्सा में अध्ययन करना चाहती थी। स्थानीय खबरों के मुताबिक झील में दुर्घटनावश गिरने के चलते जेरी की मौत हुई होगी।